# महाकाल लोक की तरह विकसित होगा ओंकारेश्वर का एकात्म धाम

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1568 करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारम्भ

नवभारत न्यूज

**खण्डवा ।** प्रदेश में गुड़ी पडवा से आरंभ जल गंगा संवर्धन अभियान का खण्डवा में आयोजित समापन समारोह एवं वॉटरशेड सम्मेलन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आरंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 1568 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 578 करोड़ की लागत से 57,207 कार्यों का लोकार्पण किया।



इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने वॉटरशेड विकास घटक के अंतर्गत प्रदेशभर के 888 जल संरक्षण कार्यों का लोकार्पण और खंडवा जिले की जावर माइक्रो सिंचाई परियोजना एवं तीन अन्य सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में प्रदेश में जीर्णोद्धार की गई 74 जल संरचनाओं का लोकार्पण भी हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया।

**इन विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण-** मुख्यमंत्री ने खण्डवा में आयोजित कार्यक्रम में 1568 करोड़ से अधिक के जल संरक्षण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होने जल संसाधन विभाग की 4 सिंचाई परियोजनाओं क्रमशः भाम राजगढ़ मध्यम सिंचाई परियोजना, बिहार सारोला बैराज, लाजैरा बैराज, हापला दीपला बैराज लघु सिंचाई परियोजना का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं की लागत करीब 312.77 करोड़ रुपये है, जिससे 8557 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। इससे 21 ग्रामों के 7260 किसान लाभांवित होंगे। नर्मदा घाटी विकास विभाग की जावर माईक्रो उद्वहन सिंचाई योजना प्रशासकीय स्वीकृति रुपए 563.72 करोड़ का लोकार्पण भी किया गया। योजना से खण्डवा जिले के 52 ग्रामों के 21,666 किसानों की करीब 26 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत 50 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार की गई 74 जल संग्रहण संरचनाओं का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 578.08 करोड़ से कराए गए 57 हजार 207 जल संरक्षण कार्य, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वॉटरशेड विकास के अंतर्गत 63.46 करोड़ से 888 जल संरक्षण के कार्य,





# मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में सहकारिता पर मंथन

**भोपाल, 30 जून. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की 'मंथन बैठक' हुई.**

बैठक में सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश की सहकारिता से जुड़ी उपलब्धियों, नवाचारों और सहकारिता के क्षेत्र में भविष्य की दिशा पर केंद्र सरकार को सुझाव दिये. इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर एवं मुरलीधर मोहोल, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे. मंत्री सारंग ने बताया कि मध्यप्रदेश में प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) को बहुद्देशीय इकाइयों के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार को उल्लेखनीय सफलता मिली है. इस पहल के अंतर्गत प्रदेश में प्रत्येक पैक्स को उनके संचालन के लिये वार्षिक 3 लाख 24 हजार रुपये की वित्तीय सहायता तथा जनजातीय क्षेत्रों में 3 लाख 48 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है.

### सहकारी बैंकों के माध्यम से फंड डिपॉजिट का सुझाव

मंत्री सारंग ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को सहकारिता संबंधी योजनाओं के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली निधि को जिला सहकारी बैंकों के माध्यम से डिपॉजिट किया जाए, जिससे इन बैंकों की क्रेडिट क्षमता और बिजनेस वॉल्यूम बढ़ सके, इससे सहकारी बैंकिंग तंत्र और अधिक मजबूत होगा.

### भर्ती में सुधार के लिये केंद्रीय एजेंसी का गठन

मंत्री सारंग ने सहकारिता संस्थाओं में पदों की भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और एकरूप बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि जिस प्रकार बैंकिंग क्षेत्र में आईबीपीएस जैसी संस्था के माध्यम से भर्ती होती है, उसी प्रकार पंचायत एवं ग्रामीण स्तर की सहकारी संस्थाओं के लिए एक केंद्रीयकृत भर्ती बोर्ड/ एजेंसी का गठन किया जाए, जिससे सहकारी आंदोलन को दक्ष मानव संसाधन मिल सके.

## एक नजर में

### पन्ना टाईगर रिजर्व आज से 30 सितंबर तक बंद

**पन्ना ब्यूरो.** पन्ना टाईगर रिजर्व का कोर एरिया आज 1 जुलाई से 30 सितंबर तक के लिए बंद हो गया. जबकि बफर एरिया यथावत पर्यटकों के लिए खुला रहेगा. पन्ना टाईगर रिजर्व कार्यालय से हासिल जानकारी के अनुसार पर्यटकों के लिए बफर एरिया मे अकोला गेट, पाण्डव फाल, रनेहफाल एवं झिन्ना गेट खुला रहेगा. जिसमें पूर्वानुसार सुबह साढ़े 5 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 7 बजे तक के लिए यथावत पर्यटकों के लिए खुला रहेगा. वहीं बफर एरिया जिसमें मडला, हिनौता तथा अकोला बफर गेट आगामी 30 सितम्बर तक के लिए बंद हो गया है.

### कुएं से पिता-पुत्र का शव बरामद, हत्या की आशंका

**शिवपुरी.** जिले के पिछोर थाना क्षेत्र के कछुआ गांव के जंगल में स्थित एक कुएं से पिता-पुत्र का शव बरामद किया गया है. दोनों पिछले तीन दिनों से लापता बताए गए हैं. आशंका जतायी जा रही है कि उनकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया है. पुलिस सूत्रों ने मृतकों के नाम हरगोविंद (50) एवं उसका पुत्र पुष्पेंद्र (24) बताए हैं. मृतकों के परिजनों का कहना है कि उनका उनके ही रिश्तेदार ज्ञानचंद शीतल चंद एवं चिंटू आदि से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था जिसके चलते पिता पुत्र की हत्या की गई है. पिता पुत्र अपने खेत से शुक्रवार से लापता थे. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### बृहस्पति कुंड में डूबे 3 युवकों में एक कि मिली लाश

**पन्ना.** बृहस्पति कुंड में डूबे तीन युवकों में से एक, पन्ना जिले के जिगदहा निवासी अभिषेक ढीमर, का शव एसडीईआरएफ की टीम को कड़ी मशक्कत के बाद आज दिन सोमवार दिनांक 30 जून को दोपहर करीब 2 बजे मिल गया है. यह घटना अत्यंत दुखद है और प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है. मिली जानकारी के अनुसार, तीन युवक रविवार को बृहस्पति कुंड में नहाने गए थे और अचानक गहरे पानी में डूब गए. सूचना मिलते ही तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया था, जिसमें स्थानीय गोताखोरों और एडीआरईएफ की टीम को लगाया गया.

# ग्वालियर, दतिया सहित कई जिलों में भारी बारिश

## बारिश को लेकर पूर्वानुमान, 3 जुलाई तक बारिश के आसार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 जून. मप्र के जिलों में मंगलवार को अति बारिश की संभावना बनी है. प्रदेश के ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योर पुरकलां, उमरिया, डिंडौरी, कटनी, मंडला, पन्ना और दमोह जिलों में अत्यधिक बारिश होने के आसार बने हैं.**

इन जिलों में अति बारिश के पूर्वानुमान को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है. मौसम वैज्ञानिकों ने 3 जुलाई तक झमाझम बारिश की संभावना जताई है. कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिंगरौली, सीधी,



इंदौर, भोपाल, विदिशा, पन्ना, देवास, मऊगंज, सतना सहित जिलों में बारिश हो सकती है. इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इस दौरान 30 से 40 किमी की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी. प्रदेशभर में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है. बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी भाग तथा उससे संलग्न पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटों पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है.

> इससे संबंधित चक्रवाती परिसंचरण माध्य समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है. अगले 2 दिनों के दौरान इसके उत्तर ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल और झारखंड में धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है.

# नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर होगी सीधी भर्ती

## मेडिकल में कुशल मैनपॉवर की व्यवस्था के लिए तैयार करें प्रस्ताव

**भोपाल, 30 जून. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन कर कर्मचारी चयन मण्डल को त्वरित रूप से मांग पत्र प्रेषित किए जाएं.**

साथ ही फार्मासिस्ट ग्रेड-2, नेत्र सहायक तथा ओ.टी. टेक्नीशियन के पदों की पूर्ति हेतु भी भर्ती प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने के निर्देश दिए गए. मेडिकल कॉलेजों में आउटसोर्स पद्धति से नियुक्ति संबंधी वर्तमान व्यवस्था में केवल अकुशल पदों की स्वीकृति है, जबकि विभागीय



समिति द्वारा कुशल पदों की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है. इस विषय में व्यावहारिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत प्रस्ताव तैयार कर केबिनेट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. जिससे उच्च स्तरीय सेवाओं का विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण प्रदाय सुनिश्चित हो सके. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में विभागीय योजनाओं, भर्ती प्रक्रिया, अधोसंरचना विकास, मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण और चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता की वृहद समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए.

### फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन पारदर्शी बनाने के निर्देश

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने एचआरपी (हाई रिस्क प्रेगनेंसी) केंद्रों पर धात्री महिलाओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही कक्ष में उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए. जिससे उनकी देखभाल सहज, सुरक्षित और समेकित रूप में संभव हो सके. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन एवं नियामक प्रक्रियाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए नियमों में आवश्यक परिवर्तन की कार्यवाही की समीक्षा की और शीघ्र प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 600 आयुष मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए.

# बिना हाथों वाली बच्ची ने लिया जन्म

## बेगमगंज में कुदरत का करिश्मा

**बेगमगंज, 30 जून. नगर के सिविल अस्पताल में एक प्रसूता ने बिना हाथों वाली बच्ची को जन्म दिया. जिसे देखने के लिए परिजनों समेत स्वास्थकर्मियों की भीड़ लग गई.**

सीबीएमओ डॉ. नितिन सिंह तोमर ने बताया कि आज ग्राम देवलापुर निवासी एक मजदूर अरबाज खां पिता मोहब्बत खां की पत्नी रोशनी की पहली डिलिवरी होने थी. गांव की आशा कार्यकर्ता के माध्यम से उसे लाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. आज दोपहर में प्रसूता रोशनी ने एक खूबसूरत बेटी को जन्म दिया लेकिन दुर्भाग्य से उसके दोनों हाथ नही हैं. कांधे से ही हाथ नहीं होने पर जब वो बड़ी होगी तो उसे बहुत



परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. जच्चाबच्चा दोनों स्वस्थ हैं. बिना हाथों वाली बच्ची को देखने वालों का तांता लग गया . सभी उसको दयालु नजरों से देखते हुए , उसके उज्वल भविष्य की कामना के साथ आशीर्वाद दे रहे हैं.

### आकाशीय बिजली गिरने से घर जला

**सीधी.** जिले में सोमवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक परिवार का घर जल गया. रामपुर नैकिन जनपद पंचायत के ग्राम मलदेवा में प्रदीप कुमार अग्निहोत्री के घर पर गाज गिरी. घटना के समय तेज बारिश और तेज हवाएं चल रही थीं. आकाशीय बिजली गिरते ही छत में आग लग गई. कमरे में रखे बर्तन, कपड़े, बिस्तर और अन्य सामान जलकर राख हो गए. परिवार के सभी सदस्य घर के दूसरे हिस्से में थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई. घटना की जानकारी मिलते ही समाजसेवी अंबुज पाण्डेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष रजनीश शुक्ल सहित कई लोग मौके पर पहुंचे. उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी.

### मारपीट करने वाले आरोपीगण को 6-6 माह का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित

**खंडवा।** न्यायालय ने मारपीट करने वाले आरोपीगण को 6- 6 माह का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वैशाली चौरसिया खण्डवा की न्यायालय द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपी मो. इकराम पिता शेख मुन्ना उर्फ हसन, 2. शेख मुन्ना उर्फ हसन पिता शेख हबीब , 3. इमरान पिता शेख मुन्ना उर्फ हसन तीनों निवासी कब्रस्तान रोड थाना सिटी कोतवाली जिला खण्डवा ,4. परवेज पिता शेख जाफर, निवासी कहरावाडी थाना कोतवाली जिला खण्डवा को धारा 323 सहपठित धारा 34 भादवि में 06-06 माह का सश्रम कारावास एवं 500-500/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी, लालसिंह बघेल द्वारा किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी हरिप्रसाद बांके, एडीपीओ द्वारा बताया गया कि, फरियादी आशीष ने थाने आकर रिपोर्ट की, कि वह सिंधी कॉलोनी में रहता है तथा बुधवारा बाजार में सब्जी की दुकान लगाता है। करीबन एक महीने पहले दुकान के सामने रास्ते में पानी भर जाता है तो उसने पानी भर जाने वाले गड्ढे में मिट्टी डाली थी व नाली बना दी थी। घटना दिनांक को फरियादी उसकी दुकान पर आया और देखा तो नाली में मिट्टी डली हुई थी, पानी रूका हुआ था, उसने नाली में डली मिट्टी हटाई तो अभियुक्त शेख मुन्ना कहने लगा कि मिट्टी क्यों हटा रहा है, मेरी दुकान में पानी आएगा .

# बीना स्टेशन का एसएजी टीम ने किया निरीक्षण

## अधिकारी प्रवीन खोराना की अगुवाई में पहुंची टीम

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 जून. पमरे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना के नेतृत्व में एसएजी लेवल सेफ्टी ऑडिट टीम ने निरीक्षण किया.**

सोमवार को गुना-बीना सेक्शन और बीना स्टेशन का गहन संरक्षा निरीक्षण किया गया इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक भोपाल एवं मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारी और निरीक्षक भी उपस्थित रहे और निरीक्षण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई. भोपाल मंडल में रेल संरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरीक्षण किया गया.



इस दौरान एसएजी लेवल की टीम ने गुना-बीना सेक्शन पर स्थित इंजीनियरिंग गेट, ट्रैफिक गेट, महत्वपूर्ण पुल, प्वाइंट एवं क्रॉसिंग, कर्व और विभिन्न स्टेशनों तथा यार्डों का गहन निरीक्षण कर संरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से समीक्षा की. टीम द्वारा संरक्षा मानकों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.

> बीना स्टेशन पर विशेष रूप से गार्ड एवं लोको पायलट लॉबी, रनिंग रूम, दुर्घटना राहत गाड़ी तथा दुर्घटना राहत मेडिकल वैन की व्यवस्था एवं कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया गया. टीम ने उपलब्ध सुविधाओं एवं संरक्षा उपकरणों की स्थिति की जांच करते हुए दुर्घटना से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि पश्चिम मध्य रेलवे संरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान देते हुए समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण कर संरक्षा में निरंतर सुधार सुनिश्चित करता है.

# मप्र आलंपिक संघ को हर संभव सहयोग उपलब्ध कराएंगे

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 30 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मप्र की भागीदारी और उपलब्धियां बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग दे रही है.**

वर्ष 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक सहित सभी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मप्र के खिलाड़ी अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और बड़ी संख्या में पदक लाएं, इस लक्ष्य के साथ प्रदेश में खेल गतिविधियां संचालित की जा रही हैं. राज्य सरकार प्रदेश में खेल अधोसंरचना विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है, खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण के साथ-साथ अन्य सहायता व प्रोत्साहन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं. राज्य शासन मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ को हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव मप्र ओलंपिक संघ की जबलपुर में आयोजित वार्षिक बैठक को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे. बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय वर्चुअली शामिल हुए.

### सीएम ने संघ की बैठक को वर्चुअल संबोधित किया

संगठन चुनाव | पार्टी के सभी दिग्गज रहेंगे मौजूद

# नये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए नामांकन आज

- आज होगा नामांकन, अधिसूचना जारी
- भाजपा प्रदेश कार्यालय में तैयारियां शुरू

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 30 जून. प्रदेश भाजपा को नया अध्यक्ष बुधवार दोपहर तक मिल जाएगा. नये प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है.**

अधिसूचना के मुताबिक मंगलवार एक जुलाई को शाम 4.30 बजे से नामांकन भरने का सिलसिला शुरू होगा. नामांकन के दौरान चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित प्रदेश के सभी केंद्रीय मंत्री सहित अन्य कद्दावर नेता भी मौजूद रहेंगे. नामांकन दाखिल करने के लिए उम्मीदवारों को दो घंटे का समय मिलेगा, नामांकन भरने की समयसीमा समाप्त होते ही नामांकन पत्रों की जांच होगी, वहीं उसके बाद यदि दो या उससे अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन भरा और यदि वे नामांकन वापस लेना चाहें तो वे नामांकन वापस ले सकेंगे. नामांकन पत्रों की अंतिम सूची की घोषणा भी एक जुलाई को रात 8.30 बजे कर दी जाएगी. इससे ही तस्वीर साफ हो जाएगी कि नया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कौन बनेगा. उसके बाद अगले दिन दो जुलाई को यदि जरुरत पड़ी तो प्रदेश अध्यक्ष के लिये चुनाव होगा. वैसे इसकी संभावना लगभग शून्य है. यह इसलिए भी कि प्रदेश अध्यक्ष के लिए के लिए केवल एक नाम पर ही सहमति बनाने की कवायद एक जुलाई को दोपहर तक पूरी कर ली जाएगी. जिसके नाम पर प्रदेश नेतृत्व और केंद्रीय भाजपा नेतृत्व के बीच सहमति होगी, उसे ही भाजपा का अधिकृत उम्मीदवार माना जाएगा और फिर नामांकन भरने की औपचारिकता पूरी की जायेगी.

वैसे मतदान के लिये दो जुलाई को सबेरे 11 से 2 बजे का समय तय किया गया है, वहीं आधिकारिक रूप से नाम की घोषणा दोपहर 2 बजे की जायेगी.

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए ऐसा रहेगा चुनाव कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| अधिसूचना जारी करना – | 30 जून |
| राज्य निर्वाचक मंडल की सूची का प्रकाशन – | 30 जून |
| नामांकन पत्र जमा करना – | एक जुलाई शाम 4.30 से 6.30 बजे तक |
| नामांकन पत्रों की जांच – | एक जुलाई शाम 6.30 बजे से 7.30 बजे तक |
| नामांकन पत्र वापसी – | एक जुलाई रात्रि 7.30 बजे से 8.00 बजे |
| नामांकन पत्रों की अंतिम सूची की घोषणा – | एक जुलाई रात्रि 8.30 बजे |
| चुनाव, मतदान की तिथि और समय यदि जरुरी हो – | दो जुलाई प्रात: 11.00 से दोपहर 2.00 बजे |
| मतों की गिनती और परिणाम की घोषणा – | दो जुलाई दोपहर 2.00 बजे |

# रेलवे के किराए में बढ़ोत्तरी आज से लागू

### 500 किमी तक साधारण श्रेणी में कोई वृद्धि नहीं

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 जून.** रेलवे के किराए में मंगलवार से बढ़ोत्तरी की जा रही है. यात्री सेवाओं की किराया संरचना को सुव्यवस्थित करने और वित्तीय रूप से अधिक टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से यहा निर्णय लिया गया है. रेल मंत्रालय द्वारा 1 जुलाई से यात्री गाड़ियों की मूल किराया दरों का युक्तिकरण किया गया है. संशोधित किराए भारतीय रेलवे सम्मेलन संघ द्वारा जारी अद्यतन यात्री किराया तालिका पर आधारित हैं. शहरी (सबअर्बन) एकल यात्रा किराए और सीजन टिकट (शहरी व गैर-शहरी दोनों) में कोई बदलाव नहीं किया गया है. साधारण गैर-एसी श्रेणी (गैर-शहरी गाड़ियाँ)



द्वितीय श्रेणी में किराया प्रति कि.मी. आधा पैसा बढ़ाया गया है, जिसमें शर्तों के साथ —500 कि.मी. तक कोई वृद्धि नहीं, 501 से 1500 कि.मी. तक 5 की वृद्धि, 1501 से 2500 कि.मी. तक 10 की वृद्धि, 2501 से 3000 कि.मी. तक 15 की वृद्धि, स्लीपर श्रेणी में किराया प्रति कि.मी. 0.5 पैसा बढ़ाया गया है, प्रथम श्रेणी में किराया प्रति कि.मी. 0.5 पैसा बढ़ाया गया है. इसके साथ ही मेल और एक्सप्रेस (गैर-एसी) के द्वितीय श्रेणी में प्रति कि.मी. 1 पैसा वृद्धि, स्लीपर श्रेणी में प्रति कि.मी. 1 पैसा वृद्धि, प्रथम श्रेणी में प्रति कि.मी. 1 पैसा वृद्धि की गई है.

> ये संशोधित किराया दरें प्रीमियम और विशेष गाड़ियों जैसे — राजधानी, शताब्दी, दूरंतो, वंदे भारत, तेजस, हमसफर, अमृत भारत, महामना, गतिमान, अंत्योदय, जनशताब्दी, युवा एक्सप्रेस, एसी विस्टाडोम कोच, अनुभूति कोच और साधारण गैर-शहरी सेवाओं पर भी लागू होंगी. संशोधित किराया 01.07.2025 या उसके बाद बुक किए गए टिकटों पर लागू होगा. 1 जुलाई 2025 से पहले जारी टिकटों पर वर्तमान किराया ही मान्य रहेगा और उनमें कोई समायोजन नहीं होगा। पीआरएस, यूटीएस और मैनुअल टिकटिंग प्रणाली को अद्यतन किया जा रहा है. रेल मंत्रालय ने सभी मंडलों को निर्देश जारी किए हैं कि वे संशोधित किराया संरचना का सुचारू रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें.